चौथी बात मैं अपने खेतिहर मज़दूरों के विषय में कहना चाहता हूं। मैं देखता हूं हमारे हरिहरनाथ जी शास्त्री जो लेबर लीडर हैं उन्हों ने खेतिहर मज़दूरों के विषय में एक शब्द भी नहीं कहा। पता नहीं क्या बात है कि जितने भी सदस्य यहां बोले हैं, सिवा हरिजन सदस्यों के, उन में से किसी ने भी खेतिहर मज़दूरों के सम्बन्ध में कुछ नहीं बोले हैं। हां हरिजन सदस्य जितने रहे हैं वह ज़रूर बोले हैं। क्या इसी लिये कि खेतिहर मज़दूर हरिजनों के बीच में से आते हैं। लेकिन मैं सभी भाइयों को बतलाना चाहता हूं कि खेतिहर मज़दूरों की समस्या हरिजनों की समस्या नहीं है, आप के देश की समस्या है, राष्ट्र की समस्या है और इस पर सभी को बोलना चाहिये सभी को इन्टरैस्ट लेना चाहिये। अगर हम में से कुछ बोलते भी हैं तो हमारी कोई पूछ नहीं होती। हमारी कोई आवाज़ नहीं है, अगर आप खेतिहर मज़दूरों के विषय में कुछ इन्टरैस्ट लेंगे तभी कुछ उन के लिये हो सकता है। न हरिहर नाथ जी बोले न बिहार के सदस्य बोले, न बंगाल के लेबर लीडर बोले, कोई हमारे खेतिहर मज़दूरों के विषय में इन्टरैस्ट ही नहीं लेता।

कुछ माननीय सदस्य : हम बोले हैं ।

Shri Ramanand Das: I have spoken from Bengal.

श्री रूप नारायण : खैर मैं सभी मैम्बरों से अपील करूंगा और सभी लेबर लीडरों से भी अपील करूंगा कि वह लोग भी इस समस्या को सोचें । खेतिहर मजदूरों की समस्या बहुत बड़ी समस्या है । मैं देखता हूं कि जब भी कोई कारखानों में काम करने वाले मजदूरों का सवाल होगा, उन के काम करने का समय तय होगा तो सभी ध्यान देते हैं । और अगर कहीं उन के काम करने का समय आध घंटा भी बढ़ गया तो वह स्ट्राइक कर देते हैं, और गवर्नमेंट भाग कर क़ानून बनाती है, लेकिन हमारे खेतिहर मजदूरों की क्या हालत है ? आज अगर बारह बजे रात को जरूरत पड़े तो उस को घर से बुलाया जायगा । खेती का कोई काम कराना है सामान लाना है, यह सब काम उन को चौबीसों घंटे लगे रहते हैं । अगर वह इससे इन्कार करें तो उन पर ज्यादतियां की जाती हैं, उन को गांव से निकाला जाता है, उन की बेइज्जती की जाती है, तरह तरह की मुसीबतें उन पर डाली जाती हैं । इस विषय में यहां पर कुछ नहीं कहा गया । फैक्टरी के मजदूरों के लिये हम देखते हैं कि मिनिमम वेजेज ऐक्ट बनाया गया अब लोग कहते हैं कि उन के लिये फ़ेअर वेजेज ऐक्ट बन रहा है । लेकिन क्या कभी किसी ने सोचा है कि खेतिहर मजदूर कितना पाता है, हर आये दिन हम देखते हैं कि एक मुट्ठी दाना देकर उस से दिन भर काम लिया जाता है, कहीं सिर्फ़ शरबत पिला कर ही काम लिया जाता है, कहीं छः आने मजदूरी दी जाती है, कहीं दो बीघा खेत दे कर साल भर तक उस से मुफ्त काम लिया जाता है । इस तरह की भिन्न भिन्न मजदूरियां दी जाती हैं, वह मुसीबतें हैं लेकिन उनको कौन देखता है ? वैलफ़ेअर आफ़िसर्स बनाये जाते हैं, लेकिन क्या कभी खेतिहर मजदूरों के लिये भी वैलफ़ेअर आफ़िसर्स बनाये गये ? कोई कमेटी बनाई गई जो कि गांव, जिलों या रीजनों में इस तरह का आफ़िसर या डिपार्टमैन्ट शुरू करे जैसे कि आप का एम्प्लायमेन्ट एक्स्चेन्ज है ? आज उस की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि उस को कोई आथिरिटी नहीं दी गई है, वहां आदमी जाते हैं और कहते हैं कि हम से यह काम कराइये, तो वह खाली नाम भेज देते हैं । और उन के पास जवाब आ जाता है कि हमारे पास जगह नहीं है । और अगर कहीं जगह है भी तो कह दिया जाता है कि सूटेबल कैंडिडेट नहीं है । इस मामले में एम्प्लायमेन्ट आफ़िसर को कोई अथारिटी नहीं है । डी० एम० उस को डांट देता है, वह कहता है हम जिस को चाहेंगे लेंगे । जब ऐसी हालत है तो एम्प्लायमेन्ट आफ़िसर को रखने की क्या जरूरत है । आप को उस से खेतिहर मजदूरों के आर्गेनाइजेशन का काम लेना चाहिये, और खेतिहर मजदूरों का काम आप को एम्प्लायमेन्ट एक्स्चेन्ज को सौंपना चाहिये । हर जगह डिस्ट्रिक्ट्स में एम्प्लायमेन्ट एक्स्चेन्ज काम कर रहे हैं, अगर यह काम आप उस को सौंप दें तो कोई पैसे का भी खर्च नहीं है ।

अब आप खेतिहर मजदूर के हाउसिंग की प्राबलेम को लीजिये । उन को मकान नहीं चाहिये । मैं तो कहता हूं कि आप उन को रहने के लिये आधी एकड़ जमीन दे दीजिये । आज वह कभी किसी के मकान के सामने पड़े रहते हैं, किसी छप्पर के नीचे गुजर कर लेते हैं, सड़क पर ही गुजर कर लेते हैं । इन हालतों की वजह से आज वह मरते जा रहे हैं, मिटते जा रहे हैं । उस का कारण यही है कि उस के पास रहने को जमीन नहीं है । हर एक खेतिहर मजदूर को आधी एकड़ जमीन जरूर मिलनी चाहिये । गवर्नमेन्ट कह सकती है कि गांव सभाओं को यह काम दे देंगे, लेकिन गांव सभाओं से यह समस्या हल नहीं हो सकती । पंचायत के जरिये यह काम नहीं

[श्री रूप नारायण]

हो सकता। यह काम खुद गवर्नमेन्ट को अपने हाथ में लेना चाहिये। गांव गांव में इस की सूची बननी चाहिये कि वहां कितने खेतिहर मजदूर हैं, उन की सूची बन जाने के बाद उन को जमीन दी जानी चाहिये, उस के बाद सोचा जाना चाहिये कि उन का घर बनाने के लिये क्या किया जाय।

हमारे उत्तर प्रदेश में अब तक यह होता था कि जो खेतिहर मजदूर हुआ करते थे उन को लोग अपने खेत जोतने को दे देते थे, लेकिन उत्तर प्रदेश में अब यह हो गया है कि खेत उसी का होगा जो उस को जोतेगा। इस का फल यह हुआ कि जो मालिक खेतिहर मजदूरों को खेत दिये हुए थे अब वह उन को उन से छुड़ा रहे हैं। विधान में यह है कि जो भी तीन वर्ष से खेत जोत रहा है वह खेत उस का होगा। इस सम्बन्ध में पटवारियों ने वहां पर क्या किया कि आदमी कई वर्षों से खेत जोत भी रहा है लेकिन खेत उस के नाम से लिखवाया। खैर, इस को भी आप जाने दीजिये। वहां पर यह भी हो रहा है कि खेत खेतिहर मजदूर के नाम से भी है, लेकिन फिर भी मालिक उस पर जबर्दस्ती क़ब्ज़ा कर रहा है क्योंकि कोई खेतिहर मजदूर ऐसा नहीं है जो अपने अधिकारों की रक्षा कर सके। मैं पूछना चाहता हूं कि इस के लिये हमारी सरकार ने क्या किया। आखिर आज किस अधिकार से, किस अथारिटी से मजदूरों के साथ जबर्दस्ती की जा रही है, आज इस तरह के हजारों काम हो रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। गवर्नमेन्ट को चाहिये कि इस के लिये स्टेप ले।

अब मैं खेतिहर मजदूरों की शिक्षा के विषय पर आता हूं। हम देखते हैं कि हरिजनों की शिक्षा के लिये प्रयत्न किया जा रहा है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि गांव गांव में जो खेतिहर मजदूर खेती का काम करते हैं उन के लिये प्राइमरी शिक्षा या मिडल स्कूल तक की शिक्षा अनिवार्य कर देनी चाहिये। यू० पी० में अनिवार्य शिक्षा नहीं है मगर मजदूर उस से फ़ायदा उठा सकते हैं। हायर एजुकेशन को चलाने की बात तो बाद की है, लेकिन अगर कम से कम मजदूर शिक्षित हो जाते हैं और बेसिक शिक्षा उन को मिल जाती है तो आगे चल कर उन की भी काफ़ी तरक्क़ी हो सकती है।

इस के बाद मैं ग्राम पंचायतों के विषय में कहना चाहता हूं। गांव के अधिकतर लोग खेतिहर मजदूर हैं। यू० पी० में जो पंचायतें काम करती हैं वह डिमाक्रेसी के ढंग से काम नहीं करतीं। कहा गया कि गांव वालों के लिये राम राज्य हो गया, गांव वाले खुद ही अपने सब मामले आपस में तय कर लेंगे। लेकिन गांव की पंचायत में जो मेम्बर लोग बैठते हैं तो क्या होता है ? विधान क्या है कि जो सरपंच होगा वह और तीन और आदमी बैठेंगे, जैसे कि कोर्ट में होते हैं, उन की एक बैंच बन जाती है। सब कुछ सुनने के बाद वह अलग चले जाते हैं, वहां कोई और गांव का आदमी नहीं जा सकता है, और अलग बैठ कर फ़ैसला करते हैं। मेरा कहना यह है कि जितने गांव सभा के सदस्य हों, या पंचायत के सदस्य हों उन को सब के सामने बैठ कर फ़ैसला करना चाहिये, फ़ैसला जो मेजारिटी से हो वही माना जाना चाहिये। इस से खेतिहर मजदूर का भी फ़ायदा हो सकता है। अगर पंचायत में बैठ कर तीन चार आदमी अलग फ़ैसला देंगे उस से खेतिहर मजदूरों का कोई फ़ायदा नहीं होगा। इस सम्बन्ध में स्टेट गवर्नमेन्ट को भी सोचना चाहिये और इस पंचायत ऐक्ट में फिर से परिवर्तन करना चाहिये।

पूर्वी जिलों के खेतिहर मजदूरों की समस्या यह है कि वहां आबादी बहुत ज्यादा हो गई है

और सूखे का एरिया है, हमेशा अकाल पड़ा करता है, इस से खेतिहर मजदूरों की समस्या और भी खराब हो गई है। चार क़िस्म के मजदूर मैं बता चुका हूं, उन के लिये मैं एक सजेशन देना चाहता हूं। यू० पी० का इरिगेशन विभाग बहुत अच्छा काम कर रहा है, जगह जगह पर जिले जिले में नहरें और कुंए खोदे जा रहे हैं, इस से सिंचाई की प्राबलेम तो हल हो रही है, लेकिन खेती की प्राबलेम हल हो जाने से मजदूरों की प्राबलेम हल नहीं होगी। देशों में ६०-६०, ७०,७० करोड़ तक की स्कीम चलाई जा रही हैं, लेकिन रिहन्द डैम को नहीं लिया गया। वह तो सिर्फ़ ४० करोड़ की स्कीम है, अगर उस को बना दिया जाता है तो हमारे प्रान्त के पूर्वी जिले और आस पास के बिहार के अठारह बीस जिले बिजली से बिल्कुल पूर्ण किये जा सकते हैं और वहां नये नये उद्योग धंधे खोले जा सकते हैं और खेतिहर मजदूर जो आज बेकार हैं उन में लगाये जा सकते हैं। इस लिये मैं अनुरोध करूंगा कि इस रिहन्द डैम की स्कीम को चला कर के पूर्वी जिलों के खेतिहर मजदूरों को रिलीफ़ दी जाय।

श्री बी० एन० कुरील (जिला प्रतापगढ़–पश्चिम व जिला रायबरेली–पूर्व–रक्षित-अनुसूचित जातियां): सभापति महोदय, आप ने मुझे इस लेबर जैसे विषय पर अपने विचार सदन के सामने रखने का अवसर दिया है इसके लिये धन्यवाद है।

इसमें कोई सन्देह नहीं और यह किसी से छिपा नहीं कि स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद से अब तक लेबर मिनिस्ट्री ने लेबर को व्यवस्थित करने के लिये कई एक क़दम उठाये हैं और यह भी किसी से छिपा नहीं है कि इस में बहुत कुछ सफलता भी मिली है। लेबर को सुव्यवस्थित कर लिया गया है और काम चलने लगा है लेकिन लेबरर्स की सहूलियतों की ओर कुछ भी ध्यान नहीं दिया गया है। शहर की इंडस्ट्रीज़ के मजदूरों को तो कुछ सहूलियतें ज़रूर मिली हैं। उन की शिक्षा का प्रबन्ध हो गया है, उन की ट्रेनिंग और उन के मकानों की भी कुछ व्यवस्था ठीक हुई है। इसके लिये धन्यवाद है। जैसा पहले भी कहा गया है देश में एक बहुत बड़ा तबक़ा है, एक बहुत बड़ा वर्ग है, जिसे पिछड़ा हुआ वर्ग कहते हैं, हरिजन वर्ग कहते हैं और यह लोग किसी न किसी रूप में मजदूरी ही करते हैं। उनके स्टैंडर्ड को ऊंचा उठाने के लिये उनकी उन्नति के लिये सरकार ने कुछ भी ध्यान नहीं दिया है। यह हर एक भाई को मालूम है। यहां इस सम्मानित सदन में जितने सदस्य मौजूद हैं उनमें से अधिकतर देहाती क्षेत्र से आये हुए हैं। उन को अच्छी तरह से मालूम है कि वहां मजदूरों की क्या हालत है। सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह एक बहुत बड़ा वर्ग है। यह पिछड़ा हुआ ऐसा वर्ग है जिसको आज से नहीं सदियों से दबाया और सताया गया है और साधन हीन कर दिया गया है। उसको दिमाग़ी तौर से इतना कमज़ोर कर दिया गया है कि वह आज अपने आप उठ नहीं सकता, अपने स्टैंडर्ड को ऊंचा नहीं कर सकता जब तक सरकार की ओर से उसे अच्छी सहूलियतें न दी जायं। मुझे तो दुःख होता है कि शिड्यूल्ड कास्ट और शिड्यूल्ड ट्राइब कमिश्नर ने अपनी सन् १९५२ की रिपोर्ट में पहले पन्ने पर ही यह लिखा है कि इस वर्ग ने अपनी आदतों के कारण समाज में अपना सम्मान खो दिया है। काश वह भुक्तभोगी होते तो वह समझ सकते कि उनकी क्या क्या कठिनाइयां हैं। हमारी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत इस देश को ऊंचा उठाने की कोशिश हो रही है और हमारी शुभ कामनायें हैं कि वह प्रयत्न ज़रूर सफल हों। लेकिन मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जब तक यह इतना बड़ा समुदाय पीछे पड़ा रहेगा तब तक यह देश

[श्री बी० एन० कुरील]

कभी उन्नति नहीं कर सकता और न दूसरों की नजरों में उन्नतिशील समझा जा सकता है। यह एक बहुत बड़ा वर्ग है और इसकी एक गम्भीर समस्या है और अगर यह इसी तरह से पीछे पड़ा रहा तो राष्ट्र रूपी शरीर में यह एक जख्म के रूप में हो जायगा। और यह भी हो सकता है कि इस जख्म में कुछ समय बाद जर्म्ज़ पैदा हो जांय जो कि इस राष्ट्र रूपी शरीर को भीतर ही भीतर खोखला कर दें और सरकार को इसका पता भी न लगे। तो मेरा यह कहना है कि यह समस्या गम्भीर है और इस पर जरूर ध्यान दिया जाय।

मुझे दो एक बातें और कहनी हैं। एक तो यह है कि अभी तक देहातों में बेगार की प्रथा जारी है। इसके खिलाफ़ क़ानून जरूर बन गया है लेकिन उसे सरकार नें नानकागनिजेबिल आफ़ेंस रखा है। मैं नहीं समझता कि जब सरकार इसको अपने तौर से बन्द करना चाहती है और वास्तव में बन्द करना चाहती है तो फिर क्या वजह है कि उसको कागनिजेबिल आफेंस नहीं मानती। मैं लेबर मिनिस्टर साहब से अपील करूंगा कि वह इस पर ध्यान दें और जरूर इसको कागनिजेबिल आफेंस बनाने की कोशिश करें।

दूसरी चीज मुझे यह कहनी है कि इस देश में इसेंशियल सरविसेज ऐक्ट लागू है। जब कि यह देश स्वतंत्र है और हर तरह से हर बात में, हर शब्द में अपने फंडामेंटल राइट्स की दुहाई देता है, तब भी इस देश में यह काला क़ानून मौजूद है जिसके जरिये से किसी जाति को, किसी वर्ग विशेष को, एक पेशा करने के लिये बाध्य किया जा सकता है। और सभापति महोदय, इस हाउस को अच्छी तरह से मालूम है कि यह ऐक्ट महतरों पर किस तरह से लागू है और उनको किस तरह से जकड़े हुए है। वह अपने अधिकारों की भी अच्छी तरह से मांग नहीं कर सकते और अपने अधिकारों को पाने के लिये हड़ताल वग़ैरह भी नहीं कर सकते। यह किसी से छिपा नहीं है।

तो यह दो एक चीजें ऐसी हैं जिन पर सरकार को अधिक ध्यान देना चाहिये। और बातें तो पहले ही कही जा चुकी हैं। मैं और अधिक समय न लेकर आपको धन्यवाद देता हूं।

Shri Veeraswamy: It is my privilege to speak on labour problems as I belong to the Scheduled Castes, the labouring communities, who are the most oppressed and most backward in every walk of life in this country. Ninety-nine per cent. of Scheduled Castes people are hard manual labourers, and they are engaged in all sorts of occupations which require physical exertion and exhaustion and enduring patience. As a matter of fact, in all communities there are people who are so poor that they cannot get on in life without doing any work for daily wage or weekly wages. And, in our country, I may say that the Brahmin community is the only community which does not do any hard physical labour at all. Except the Brahmin community, other people are doing manual labour. The Brahmin community is the most advanced community in every sphere of life in this country. They are the happiest people at the expense of others. The Scheduled Castes people, the sons and daughters of the soil, are the most unfortunate and the most suffering lot in every walk of life. In other communities there are also people who enjoy life with many amenities and also there are people who suffer a lot. What I say, I am afraid, will be misunderstood by some of the Members of this House. I do not have any ill-feeling or any prejudice against any particular community or individual, but I want to show the difference between one community which is at the apex of the social pyramid and another community which is at its bottom. I want to draw the attention of the hon. Prime Minister and other Members of this House to that difference. That difference must go.

Labour is the mightiest force and the greatest asset of any country. On labour depends either the progress of the country or its retardation. If a country is fertile and advanced eco-

nomically, it is because of the hard labour of the workers for generations and for centuries. The other day, our Prime Minister rightly pointed out on the floor of this House that he said in Ceylon that the progress and advancement of Ceylon was due to the toil of the Indian labourers. So, both for industrial and agricultural development of our country in which we are still far behind many Western countries, we have to look to the labourers. Without labourers we cannot achieve anything. The labourers are employed in many occupations like textile work, transport service, mining, plantation, agriculture, cottage industries and so on and so forth.

I would like to say a few words about the industries and the conditions of the workers being employed in these industries. Of all the industries in our country, I may say that the textile industry is the most important and most widespread one, which is closely connected with the economic life of the people of our country. Cotton ginning and pressing factories, and spinning and weaving factories alone provide employment to nearly five lakhs of workers. They are distributed all over the country, Bombay State being the biggest employer in this respect, as many of the textile factories are located in that State. In Tamilnad, apart from the workers employed in the textile factories, those who were engaged in handloom cottage industries till some years ago numbered about five lakhs. More than 25 lakhs of people were living by the handloom industry, which is a cottage and household occupation. But now on account of the most unsympathetic and indifferent attitude of the Government of India, there is a great slump in the handloom industry in the South, especially in Tamilnad. In Madras State, thousands of handloom weavers have been thrown out of employment, and hundreds of looms are lying idle. Thousands of people who were living a life of happiness and prosperity have now become, I am sorry to tell the House, almost regular beggars.

Mines in India employ more than 2½ lakhs of workers, the majority being in the coalfields. This afternoon, a Short Notice Question was put on the decision of the management of the Oorgam Gold Mine to close it down. I have also received a telegram from a responsible member of my community, Mr. Samidurai, M.L.A. of Madras State, stating that if that gold mine is closed down, nearly 4000 people would be thrown out of employment, and they will have to suffer quite a lot. Out of these 4000 employees in that mine, the majority—I know, I have gone and seen—are people who belong to the Scheduled Castes.

In the case of plantation industry, my hon. friend Mr. Harihar Nath Shastri pointed out that about 16,000 people have been thrown out of employment, on account of the closing down of tea plantations in Assam and Tripura. Mr. Vittal Rao has already spoken about the conditions of the workers there. Our Government told us some time ago, that these tea gardens have been closed down on account of the marked slump in the tea industry, the fall in prices, and the indifference of foreign markets to Indian tea. We all know that as a result of the closing down of the tea gardens, the workers who have been thrown out of employment from these tea plantations would be suffering quite a lot. We do not know what the Government of India have proposed to do, to mitigate the sufferings of the labourers who have been thrown out of employment from the tea gardens, and to restore normal conditions in the plantation industry.

With regard to labourers in transport services, the Indian Railways are the biggest employers giving employment to lakhs and lakhs of workers. The labourers employed in the Railways are so backward with regard to their living conditions, their food, clothing etc. that something should be done to improve their conditions.

I now come to agriculture. India is mainly an agricultural country, made up of villages. The towns are very few, and they are mostly industrial centres, as most of the industries are situated in towns. They give employment only to about three per cent. of the working population of the country, whereas agriculture provides employment to more than 85 per cent. of the rural population. But it is unfortunate that though India is an agricultural country, it has not been able to feed its people, and our Government have to go to America and other countries, with bowls, and beg for food humbly and submissively at the doors of those countries. Why this disrespectful position for India? This is a matter which merits serious consideration. The question 'Why this disrespectful condition of India?' should be put to every Minister of our Government and to every citizen of this country. Is our country short of agricultural labourers—I want to ask

[Shri Veeraswamy]

in this House? Do we not have sufficient irrigational facilities? Is it because that monsoon rains have not been regular for the past so many years? Is there not intelligence in this country to improve agriculture and increase food production? Did not our hon. Prime Minister Pandit Jawaharlal Nehru declare in 1948 that India should be self-sufficient in foodgrains? Did he not appeal—and as a matter of fact, is he not appealing—to the people of all shades of opinion, to interest themselves in producing more foodgrains? For the past so many years, everybody knows both in this House as well as outside, that the grow-more-food-campaign has been swallowing crores of rupees, but with what result? Hunger, starvation, starvation-deaths, and failure of the Government to feed the people, and unashamedly opening gruel centres, giving some thick water to the people who are starving, even without a single meal a day.

I can say without any fear of contradiction that agricultural labourers are not interested in proper cultivation or in the production of more foodgrains, because the lands belong to a few landlords. They do not have any bit of agricultural land, and they are agricultural landless labourers. What they produce goes to the landlords, and even the chaff is not given to them by the landlords with sympathy and kindness. The majority of the agricultural labourers have to starve for the major part of the year. Unless and until radical land reforms are introduced, or collective farming is brought into existence, as in Russia, and China, we cannot solve the food problem at any time. Why should India, I may ask, why should the Prime Minister of India lag behind to introduce land reforms?

The fact that even small land reforms can produce much enthusiasm among the agricultural labourers is evident from the Tanjore Tenancy Act of the Madras State. I wish to say in this connection that Shri Periyar E. V. Ramaswami, Leader of the Dravidian Federation, after having routed the Congress party in the last General Elections in the Madras State, especially in Tamilnad, engaged himself in a virulent propaganda for land reforms, and Shri C. Rajagopalachariar, a tried politician, and a man of profound political wisdom and diplomacy, rising to the occasion, saw that the Governor of the Madras State promulgated The Tanjore District Tenancy Protection Ordinance which gave a great impetus to the agricultural labourers. But that has not solved the problems completely. It is still to be solved fully. The Dravidian Federation has been working very hard amongst the agricultural labourers and the *misrasdars* are creating an atmosphere of cordial relationship between the labourers and the *mirasdars*. The Government of the day will never do such things, as radical land reforms, and other unlift work for the unliftment of the Scheduled Castes and other backward classes, because it is a capitalist Government; it is a reactionary Government I dare say once again that it is a reactionary and capitalist Government. To expect this Government to do such good things for the sake of the most down-trodden and poor people is just like expecting a wolf to be kind towards a lamb.

Mr. Chairman: I have already allowed 15 minutes to the hon. Member. I have rung the bell thrice so far. But the hon. Member did not mind. If he starts a new point, he will take another five minutes. He should now close.

Shri Veeraswamy: Just one more minute, Sir.

6 P.M.

The hon. Minister, Mr. V. V. Giri, is a tried trade union leader. I request him not to think in terms of his Ministership in the Central Government. I request him to champion the cause of the labourers. He has been in the field of labour activities for the past so many years and he has already been the Minister of Labour in the Madras State Government. I again humbly request him to see that everything possible is done for the welfare of the labourers. I request him to give scholarships to the students belonging to the labour community for their education not only in high schools but also in colleges—professional colleges, arts and technological colleges. I request him to see that creches are opened in every industry and paid leave is granted to women workers at least for six months, that is, maternity leave—three months before delivery and three months after delivery. In the French pockets in India the foreign Government gives a 'child' allowance at the rate of Rs. 12 till 12 years of age. Why not our Government also give a child allowance to the labourers' children? Medical advice and instructions on hygiene and sanitation should also be given once in a week to workers because they are living in a horrible condition. May 1st is a festival day for labourers all over the world. But our Government has not declared

May 1st as a holiday for labourers. So I request the hon. Minister to see that May 1st is declared as a paid holiday and not a holiday only for those people who apply in advance and who give a guarantee to work on some other day.

श्री बाल्मीकी (जिला बुलन्दशहर--रक्षित--अनुसूचित जातियां) : सभापति महोदय, आज मैं आपका हृदय से आभारी हूं कि आप ने मुझे हाउस के समक्ष अपने विचार रखने का अवसर प्रदान किया । अभी यहां पर देश की मजदूर नीति के विषय में विचार प्रकट किये गये और इस में कोई शक की बात नहीं कि हमारे देश की मजदूर नीति बहुत प्रगतिशील रही है और उसके लिये मैं अपने माननीय मंत्री को धन्यवाद देता हूं ।

साथ ही साथ उसके यह बात जरूर है कि सरकार का ध्यान मिलों में काम करने वाले मजदूरों की दशा सुधारने की ओर तो गया है, लेकिन अभी तक म्युनिस्पैलिटीज के अन्दर काम करने वाले जो मजदूर और मेहतर आदि हैं सरकार का उन की तरफ़ ध्यान नहीं गया है । मैं ने पिछले दस महीनों के अन्दर बिहार, कलकत्ता, नागपुर, बम्बई, पूना और हैदराबाद (दक्षिण) आदि की म्युनिसपैलिटीज में काम करने वाले मजदूरों की हालत को देखा है कि आज के दिन भी वह कितनी बेबसी और हीन अवस्था में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं । जिन गन्दी बस्तियों के अन्दर वह लोग रहते हैं, वहां पर आपको म्युनिसिपल अॉथरिटीज की उदासीनता का नंगा नाच दिखाई पड़ेगा । वहां पर मनुष्य का जीवन एक भयानक जीवन बन गया है, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया और म्युनिसपैलिटीज और कॉरपोरेशन के अन्दर काम करने वाले सभी मजदूरों की हालत बहुत ही गिरी हुई है । उनका कोई जीवनस्तर नहीं है, और वह न के बराबर है । उनको जो वेतन मिलता है वह इतना कम और अपर्याप्त होता है कि उससे मनुष्य का जीवन बड़ी कठिनता से चलता है । मैं आज सदन और सरकार का ध्यान उन लाखों और करोड़ों मजदूर भाइयों की हीन तथा दयनीय हालत की तरफ़ खींचना चाहता हूं जो म्युनिसिपैलिटीज में काम कर रहे हैं । जब तक आप उनकी अवस्था को सुधारने की तरफ़ ध्यान नहीं देते तब तक जन समुदाय का एक बड़ा भाग दिन पर दिन अवश्य अवनति को प्राप्त होता जायगा । आज उनकी हालत बहुत नाजुक है और उनका जीवन इतना कठिन है कि इतना आवश्यक तथा जन-हित का कार्य करने के बावजूद भी मजदूर की श्रेणी में उनकी गिनती भी नहीं की जाती है । सन् १९५० में भी मैं ने उन मेहतरों की दयनीय दशा के बारे में अपने विचार प्रकट किये थे और उन मजदूरों को कुछ जरूरी सहूलियतें देने की अपील की थी, और मजदूरों की श्रेणी में लाने की अपील की थी किन्तु खेद है कि अभी तक कुछ नहीं हो पाया है और वह पूर्ववत् अवस्था में रह रहे हैं ।

मैं आप का ध्यान इस ओर खींचना चाहता हूं कि किस तरह एक भंगी जो समाज का एक सच्चा सेवक है, उसकी अवहेलना की जाती है और काम देखिये कि कितने नीचे स्तर पर उसके कंधों पर है । और मैं यहां पर बापू जी के शब्दों को दुहरा देना चाहता हूं :

"It is the *bhangi* who enables the Society to live. A *bhangi* does for society, what a mother does for her baby. A mother washes her baby and the dirt and insures his health: even so the *bhangi* protects and safeguards the entire community by maintaining sanitation for it."

महात्मा गांधी जी के इन शब्दों में कितनी सच्चाई है और यह ही नहीं आगे वह यह कहते हैं :

"The *bhangi* has been the most despised of the Harijans, because his work has been regarded as most degrading."

[श्री बाल्मीकि]

हम महात्मा गांधी जी के हृदय से आभारी हैं, क्योंकि उनका ध्यान इस गिरी हुई जाति को उठाने की ओर सब से पहले गया और यह उन्हीं के निरन्तर प्रयत्न और प्रयास का फल है कि आज समाज में एक प्रकार की भावना का उदय हो गया है कि भंगियों को ऊपर उठाया जाय, लेकिन जितने भी प्रयत्न इस दिशा में आज तक हुए हैं, वह ना के बराबर हैं। इसके लिये अलग अलग सूबों में जैसे बम्बई, उत्तर प्रदेश और बिहार में इनक्वायरी कमेटीज़ बिठाई गई हैं और उन्हों ने अपनी रिपोर्ट्स भी इस सम्बन्ध में दीं। हमारे सूबे के अन्दर खेर कमेटी, बम्बई के अन्दर बरवे कमेटी मेहतरों की हालत की जांच के लिये बैठीं और दूसरे सूबों में भी इसी प्रकार की कमेटियां बैठीं, लेकिन उनकी सिफ़ारिशों को कहीं भी अमल में नहीं लाया जा रहा है। मैं अपनी जानकारी के बिना पर कहना चाहता हूं कि अगर बम्बई की बरवे कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में जो सिफ़ारिशें की हैं उन पर ध्यान दिया जाय और अमल किया जाय तो मेहतरों की हालत बहुत कुछ सुधर सकती है। केवल रिपोर्ट बना देने से तो काम नहीं चलता, उन को कामयाबी से अमल में लाने के लिये रुपये की ज़रूरत होती है और मुश्किल यह है कि हमेशा म्युनिसिपैलिटीज़ और प्रान्तीय सरकारें सभी अपने यहां रुपये की कमी बतलाती हैं और हमारी अपनी केन्द्रीय सरकार का भी ध्यान उधर नहीं जाता। मैं कहना चाहता हूं कि बिना विलम्ब मेहतरों की अवस्था सुधारने की ओर केन्द्रीय सरकार और प्रान्तीय सरकारों को ध्यान देना चाहिये।

आज उनका जीवन बड़ा असन्तोषप्रद और घृणास्पद जीवन है, वह इतना भयावह है कि वह मानवता से बिल्कुल दूर का जीवन है जिस को देख कर आप खून के आंसू बहाये बिना नहीं रह सकते। नई देहली में गांधी जी ने तीस अक्टूबर १९४६ के प्रवचन में भंगियों की हालत के सम्बन्ध में यह शब्द कहे थे : "मैं इस बात पर ज़ोर दूंगा कि पाखाना कमाने के बरतनों और झाड़ू वग़ैरह चीज़ों के लिये ज़रूरी क़ानून ही बन जाने चाहिये, ताकि मैले और कूड़े करकट को हाथ लगाने की ज़रूरत न रह जाय। साथ ही मेहतरों और भंगियों के लिये काम के वक्त पहनने की पोशाक का भी एक ऐसा सादा नमूना तय कर दिया जाय, जिससे उन्हें काम करने में आसानी हो। इन्सपेक्टरों और मुकदमों को भी सफ़ाई के इस उपयोगी काम की तालीम दी जाय। बजाय इस के कि वे अपने मातहतों से ज्यों त्यों और ज़बर्दस्ती काम लेते रहें। आज जिस तरीके से काम लिया जाता है उसमें काम कम से कम और गन्दगी ज्यादा से ज्यादा होती है, और रिश्वत-खोरी, बदमाशी और बदचलनी का ज़ोर रहता है।"

मैं आपका ध्यान इस ओर खींचना चाहता हूं कि आज कितना भ्रष्टाचार, रिश्वत, बदचलनी व अपनापन म्युनिसिपैलिटीज़, नोटीफाइडेरिया, टाउन एरिया तथा कॉरपोरेशन सब में फैला हुआ है। भ्रष्टाचार को वहां पर बहुलता है। इसको भी समूल नष्ट करने की ज़रूरत है। हमारी सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

जब मज़दूर लोग अपनी मजबूरियों से तंग आ जाते हैं और तंग आ कर कोई क़दम उठाते हैं, और यह बात ठीक भी है कि उनको असंतोष है। उनके असन्तोष की किस को चिन्ता है ? उनकी जितनी परवाह होनी चाहिये वह नहीं होती, और अगर किसी क़दर होती भी है तो उस पर अमल नहीं किया जाता। जब वह यह देखते हैं तो उन को असन्तोष होता है, और उस असन्तोष की वजह

से उन के अन्दर एक आम चेतना आ रही है। आप देखेंगे कि उत्तर प्रदेश में आज एक वातावरण हड़ताल का चल रहा है। हालांकि मैं इस विचार का मानने वाला हूं कि मजदूरों के लिये सब से खतरनाक चीज हड़ताल है। आज हड़ताल का बहुत जोर है, लेकिन हड़ताल कोई अच्छी चीज नहीं होती है। हड़ताल में तो घाटा ही हुआ करता है, लेकिन फिर भी जब असन्तोष बढ़ता है, और जब कोई रास्ता उन के लिये नहीं रहता है तो वह यह क़दम उठाते हैं। बिहार के अन्दर भी हड़तालें हुईं। लेकिन हड़तालें होती हैं वहां की म्युनिसिपल आथारिटीज की उदासीनता तथा निकम्मेपन की वजह से। मुझ मालूम है जैसा कि मैं पहले भी कह चुका हूं कि हड़ताल से कोई फ़ायदा होने वाला नहीं है, लेकिन जब हड़ताल होती है तो उस के पीछे जो दिमाग़ है उस को समझने की ज़रूरत है, उस के पीछे जो असन्तोष है उसे दूर करने की ज़रूरत है। मैं यह कहना चाहता हूं कि सूबे की सरकारों को यह देखना होगा कि जो म्यूनिसिपैलिटीज हैं वह अपने मजदूरों की हालत को, चाहे वह मेहतर हो या और दूसरे मजदूर, उनकी हालत को सुधारने के लिये कोई खास क़दम उठाती हैं या नहीं, लेकिन जब मजदूर क़दम उठाते हैं तो मैं समझता हूं कि एक अधिकार का प्रश्न उठ खड़ा होता है। जिस प्रकार से म्युनिसिपैलिटीज के अधिकारों की रक्षा होती है उसी प्रकार से मजदूरों के अधिकार की भी रक्षा होनी चाहिये। मजदूरों को दबने की जरूरत नहीं है क्योंकि म्युनिसिपैलिटियों ने उन को ग़ुलाम की तरह जीवन बिताने के लिये मजबूर कर दिया है। मैं यह भी जानता हूं कि सरकार की ऐसी मंशा नहीं है कि इन मजदूरों को इस गिरी हुई हालत में रक्खा जाय। लेकिन फिर भी मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की मेहतर हड़ताल से जैसी स्थिति पैदा हो गई है उसकी वजह से सारे हिन्दुस्तान के मेहतरों के अन्दर एक उत्तेजना है। असन्तोष है। और क्रोध तथा बेचैनी है। सरकार को शीघ्रातिशीघ्र इस की ओर ध्यान देना चाहिये। अफ़सोस तो यह है कि बिहार तथा यू० पी० में इतने बड़े पैमाने पर मेहतरों की हड़तालें हुईं किन्तु १९४७ के मजदूरों के झगड़े तय करने वाले क़ानून के अनुसार यह मामला कहीं भी ट्रिब्यूनल को नहीं सौंपा गया। क्या यह न्याय-संगत है ?

I shall take two minutes only.

Mr. Chairman: What is the use of ringing the second bell? Shall I in future ring the first bell in eight minutes and then the second bell in ten minutes and the third and the fourth bell subsequently? The second bell means that the hon. Member is to finish as soon as possible.

श्री **बाल्मीकी**: इस लिये मैं कहना चाहता हूं कि म्युनिसिपल मजदूरों के प्रश्न पर खास कर केन्द्रीय सरकार को विचार करना चाहिये, और उचित क़ानून सिर्फ़ मेहतरों के लिये ही नहीं, बल्कि सभी म्युनिसिपल मजदूरों के लिये बनाना चाहिये, जिस प्रकार मिल-मजदूरों के लिये है। मजदूर सम्बन्धी सभी क़ानून इन पर लागू होने चाहियें। उन के लिये रहने के घरों का वैसे ही प्रबन्ध होना चाहिये जैसे इन्डस्ट्रियल मजदूरों के लिये है। गांधी जी ने खुद कहा था कि अगर सिर्फ़ उन के घरों को उन के रहन सहन को सुधार दिया जाय तो उन की हालत सुधर सकती है। मैं जानता हूं कि इस तरह के क़ानून की बहुत सख्त ज़रूरत है और मैं फिर सरकार का ध्यान इस की ओर खींचना चाहता हूं कि इन मजदूरों को भी वह सारी सहूलियतें मिलनी चाहियें जो आम मिल के मजदूरों को मिलती हैं।

मुझे मालूम है कि हड़ताल का सब से बड़ा कारण यह हो सकता है कि उन के वेतन बहुत

[श्री बाल्मीकी]

कम हैं। उन को उचित वेतन दिया जाय इस ओर भी ध्यान दिया जाना चाहिये।

मैं इस बात के लिय अपने माननीय मंत्री महोदव को धन्यवाद देता हूं कि अब मेहतर-मजदूरों की अवहेलना नहीं की जायेगी, बल्कि उन के ऊपर भी उसी प्रकार ध्यान दिया जायेगा जैसे कि आम मिल-मजदूरों की तरफ़ दिया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में जो हड़तालें हुई हैं उन के पीछे कोई राजनैतिक रंग नहीं है। इस का कारण यही था कि वहां के मेहतरों में केवल आर्थिक आधार पर असन्तोष था। उस असन्तोष की किसी ने परवाह नहीं की।

अब यू० पी० की हड़ताल खत्म हो गई है, और मैं आशा करता हूं कि यू० पी० की सरकार मेहतरों की उचित मांगों पर उदारतापूर्वक विचार करेगी और मुझे पूरा भरोसा है कि वहां अच्छी स्थिति पैदा होगी।

मैं फिर अपने माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं।

Shri Thimmaiah (Kolar—Reserved—Sch. Castes): The Labour Minister, in the morning told us something about the closing of the Kolar Gold Fields. I should like to bring to his notice that the Mining authorities, it seems are going to serve a notice on the workers on the 23rd March about the termination of their services. Particularly in the Oorgam mine which is about to be closed, there are about 3,500 workers who will become unemployed if the mine is closed and the family members nearly about 14,000 people will be affected. The area in which the mine is situated is a famine affected area and the people working there belong to the North Arcot district, which is also a famine affected area. If the mine is closed, all these 14,000 people will have to starve without food and without any means of livelihood. These labourers, from time immemorial, for generations together, have been living there and working in the mines. There are already about 300 families without employment as a result of the closing of the Brick Manufacturing Company. The Company was closed on the pretext that it was running at a loss. I bring to the notice of the hon. Minister, that on my personal enquiry there, I found that the Brick Manufacturing Company closed the factory not because it was running at a loss, but because they wanted to see that the bricks that were already in stock were disposed of. They wanted to sell those bricks and they began saying that the factory was running at a loss. Taking all these into consideration, the closing of the Oorgam mines leads to a very grave situation in that part of the Mysore State and the Government has to face the serious situation—it is also for the Central Government to face it.

The hon. Labour Minister gave an assurance in the morning that he is considering the appointment of a Commission to enquire into the inevitability of the closing of that mine. I beg to submit to him, there is one Mr. J. P. David, a retired Chief Inspector of Mines and Explosives. He is a man with full knowledge of the mines and the real working of the mines. Therefore, I request the hon. Minister to appoint him on the Commission so that he will report correctly whether the mine has to be closed or is in a position to be worked.

In this connection, I would like to appeal to Government, if possible, to take up the gold mines under their control and run them because the authorities of the gold mines are unable to run them.

About the general condition of the workers in the gold mines, they are all ill paid; they are not paid proper wages and there is no benefit of the Provident Fund Act or the Employees' State Insurance Act, because it is not yet applied to the Kolar Gold Fields. In this connection, I request the hon. Minister, at least now, to make up his mind to see that the Kolar Gold Fields get the benefit of the Provident Fund Act and the Employees' State Insurance Act. The closing of the Oorgam mine is an urgent and immediate problem to be faced by the Government. I hope the hon. the Labour Minister will give his immediate attention to this and see that people are not thrown out of employment and a grave situation does not arise in Mysore State.

I do not want to speak about the agricultural labour because many of my friends have spoken about it. I want to make two or three suggestions. In the Five Year Plan, we speak of agricultural development and we have allotted large sums of money for the development of agriculture. If the

Five Year Plan were to be successful, I request the Labour Minister to see that proper attention is paid to the agricultural labourers and the Minimum Wages Act is implemented as early as possible in the States without any delay. Five years back agricultural enquiry began and I cannot understand why even after five years the enquiry is not completed and the Act has yet to be implemented in certain States. This is an immediate and urgent need. Agricultural labour is the backbone of the country. If you want sufficient food and if you want to see the country prosperous, you must take care of these agricultural labourers. Today we have the industrial housing schemes for the industrial labourers and they have the protection of law. The condition of the agricultural labour is bad. They are paid depressing wages and their plight is really pitiable and Government is not at all paying proper attention to the improvement of the condition of these agricultural labourers. I, therefore, request him to see that the Minimum Wages Act is immediately implemented in the case of agricultural labourers and their condition is improved.

Another suggestion which I would like to make in connection with the Minimum Wages Act is that the widest publicity to it should be given in the rural areas. I understand that last year the Central Government gave a direction to the State Governments to give the widest publicity to the Minimum Wages Act. But to my knowledge no State Government has given publicity to this Act; no ryot or agricultural labourer knows about the existence of this piece of legislation. I request the hon. the Labour Minister to see that widest publicity is given to this measure through the Employment Exchanges, or Labour Bureaus, when it is going to be implemented and the benefits that would accrue by it to the agricultural labourers. This would enthuse the agricultural labourer and he will feel satisfied that his lot would be improved. Thereby we can see that the Five Year Plan is successfully implemented.

श्री पी० आर० राव (वारंगल) : हमारे मुल्क में ज़राअत एक अहम पेशा है और उसमें जो मज़दूर हैं उनकी खास अहमियत है । मज़दूर ही भविष्य में हमारे मुल्क को बनाने वाले हैं और दुनिया में जितनी भी तरक्की हुई है वह मज़दूरों की ही वजह से हुई है । लेकिन अफ़सोस है कि जिनके खून से हम ऐश व आराम की ज़िन्दगी गुज़ार रहे हैं और जिनके खून से हम अपनी ज़िन्दगी बना रहे हैं उन अपने देश के करोड़ों मज़दूरों के लिये हम कोई परवाह नहीं करते हैं। पंचवर्षीय योजना में मज़दूरों की वैलफेयर के लिये जो कुछ रक़म रखी गयी है उसको देख कर मुझे बहुत दुःख होता है क्योंकि उनके लिये सिर्फ़ ६ करोड़ और कुछ लाख रुपये वैलफेयर के लिये रखा गया है और वह भी हिन्दुस्तान की तमाम स्टेटें और सेंट्रल गवर्नमेंट मिल कर पांच साल में खर्च करेंगे । यह बहुत नाजायज़ बात है । मैं तो कहूंगा कि गवर्नमेंट मज़दूरों की भलाई के लिये कोई ख्याल नहीं कर रही है और एक लफ्ज़ में कहा जाय तो वह बिल्कुल बेईमानी कर रही है । उन की रक्षा करने के लिये हुकूमत ने मिनिमम वेजेज़ ऐक्ट के नाम से एक क़ानून बनाया है लेकिन अगर इसकी असलियत को देखा जाय तो इसको मिनिमम बेजज़ ऐक्ट के बजाय अगर मैक्सिमम बोगस ऐक्ट के नाम से पुकारा जाय तो ज्यादा अच्छा होगा । जो ज़राअत पेशा मज़दूर हैं वह हमारे मुल्क में करोड़ों की तादाद में हैं । १९५१ की सैंस से हमको पता चलता है कि हमारे देश में ७ करोड़ ६५ लाख ज़राअत पेशा मज़दूर हैं । इनके हाथ में ज़मीन बिल्कुल नहीं है । लेकिन मेरा तो ख्याल है कि उनकी तादाद इससे दुगनी है क्योंकि ऐसे किसानों की बहुत बड़ी तादाद है जिनके पास एक एकड़ या आधा एकड़ ज़मीन है । यह छोटे छोटे किसान हैं और यह साल में ६ या ८ महीने अपनी मेहनत फ़रोख्त करके अपना गुज़ारा करते हैं । तो यह लगभग १५ या १६ करोड़ मज़दूर हैं जो कि ज़राअत पेशा करके अपनी ज़िन्दगी गुज़ारते हैं। इन १५ या १६ करोड़ ज़राअत पेशा लोगों की रक्षा के लिये जो मिनिमम वेजेज़ ऐक्ट बनाया गया है मैं समझता हूं कि अभी तक इस विशाल देश के एक कोने में भी इसका पता नहीं है । इस ऐक्ट को १९४८

[श्री पी० आर० राव]

में बनाया गया है। लेकिन यह आज तक हमारे मुल्क में अमल में नहीं आया है। जब तनख्वाह बढ़ाने का ज़िकर करते हैं तो सरकार एक अजीबोग़रीब मंतक़ लेकर आगे बढ़ती है और कहती है कि अगर इनकी तनख़ाह बढ़ा दी जायगी तो इनफ्लेशन बढ़ जायगा। लेकिन जब पूंजीपति करोड़ों और लाखों रुपया मुनाफा हासिल करते हैं और जागीरदार और ज़मींदार लाखों रुपया हासिल करते हैं तब यह नहीं ख्याल किया जाता कि इनफ्लेशन बढ़ जायेगा। ख़ुद हमारे स्टेट में एक शख्स निज़ाम को एक करोड़ पचास लाख रुपया हुकूमत देती है। लेकिन उस ग़रीब के लिये जिस के ख़ून से यह दुनिया बन रही है और हम अपनी ज़िन्दगी गुजार रहे हैं उसकी तनख़ाह बढ़ाने के लिये हम कहते हैं कि इनफ्लेशन बढ़ जायेगा। कोई ज़रासी अक्ल रखने वाला भी इस मंतक़ को नहीं क़बूल करेगा। इस मिनिमम वेजेज ऐक्ट पर मैं ने ख़ूब सोचा कि हुकूमत ने क्यों उस को बनाया, क्या वाक़ई इसको अमल में लाने की नीयत है। मुझे मालूम होता है कि यह अवाम की आंखों में धूल डालने के लिये और दुनिया को यह बतलाने के लिये कि यह ऐक्ट बना कर हम ग़रीबों का उद्धार करना चाहते हैं महज़ इसी ख्याल से उन्हों ने यह ऐक्ट बनाया है। लेकिन आज हिन्दुस्तान का हर एक ग़रीब आदमी जानता है कि यह हमारी हुकूमत नहीं है और यह ऐक्ट हमारे लिये नहीं बनाया है। जो भी ऐक्ट कैपीटलिस्टों की रक्षा करने के लिये बनाया जाता है उसको सरकार अपनी फ़ौलादी मशीनरी के ज़रिये से अमल में लाती है लेकिन इस मिनिमम वेजेज ऐक्ट को अमल में लाने में सालहासाल गुजर रहे हैं। इससे गवर्नमेंट का मंशा साफ़ ज़ाहिर है और इस लिये अवाम के दिलों में से कांग्रेस का असर ख़त्म होता जा रहा है। वह समझते हैं कि यह जो कुछ भी कहती है करती नहीं है और जो भी क़ानून ग़रीबों के फ़ायदे के लिये बनाती है उनको अमल में नहीं लाती है।

हमारे गांव में गवर्नमेंट ने पाम गुड़ इन्डस्ट्री सेंटर्स कायम किये हैं। मैं इसका ज़िक्र इस लिये कर रहा हूं कि हुकूमत के कारोबार पर से अवाम का विश्वास क्यों दूर होता जा रहा है। हमारी गवर्नमेंट के बारे में जा कर किसी एक शख्स से दरियाफ्त कीजिये वह साफ़ कहेगा कि हुकूमत अपनी चालाकी और होशियारी को इस बात में ख़र्च करती है कि अवाम के पैसे को किस तरह फ़िज़ूल तरीके से ख़र्च किया जाय। ऐसा करने के लिये हुकूमत के जो मिनिस्टर हैं वह अपना दिमाग़ लड़ा रहे हैं। इस लिये नहीं कि इस पैसे को नेक काम में ख़र्च करें बल्कि इस लिये कि किस तरह इसको फ़िज़ूल के कामों में ख़र्च करें। हमारे यहां दो साल से यह सेंटर क़ायम है लेकिन कोई फ़ायदेमन्द काम नहीं किया गया है और फ़िज़ूल लोगों को बिठा कर तनख़ाह दी जा रही है। इस से जनता को विश्वास हो गया है कि यह काम सरकार महज़ लाखों लोगों को बिठाकर खिलाने के लिये कर रही है। आज हुकूमत से अवाम का मुतालबा है कि हमको काम बताओ। यह भीख मांगना नहीं है। अगर आपको हुकूमत संभालनी है तो आपकी यह ज़िम्मेदारी है कि आप लोगों को काम बतायें। नहीं तो ज़िम्मेदारी से हट कर आपको चला जाना चाहिये। आज अवाम आपके रहमोकरम पर मुनहसिर नहीं रहना चाहता है। वह आज पहले की तरह कीड़े मकोड़े की तरह मरने को तैयार नहीं है। अगर आप उनका मतालबा पूरा करते हैं तो चाहे कांग्रेस रहे या कम्युनिस्ट रहें इससे उनकी ग़रज़ नहीं। उनको खाना दो, कपड़ा दो। यह मामुली मुतालबा है। इस को हर एक इन्सान अपना पैदायशी हक़ समझ सकता है। अगर उसको आप काम

नहीं बतायेंगे तो क्या वह चुपके से मर जायगा ? कभी नहीं । हुकूमत का फ़र्ज है कि जनता को काम बताये । अगर हुकूमत काम नहीं बता सकती है तो वह गद्दी छोड़ दे ।

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

इस से पहले बहुत से मैम्बर्स ने इस बात को वाजह किया है कि खेत मजदूरों की वेजेज़ इतनी कम हैं कि औरत मजदूरनियां चार आने पर काम करती हैं । खुद हमारे गांव में ढाई आने से चार आने तक उन की मजदूरी है । भला बतलाइये कि वह कैसे ज़िन्दगी गुज़ार सकती हैं । और गुरबत इस हद तक पहुंच गई है कि एक बेचारी मजदूरी के लिये चली गयी तो वहां एक दरख्त के नीचे उसका प्रसव हुआ । इस से हम अन्दाजा लगा सकते हैं कि क्या कोई औरत जो प्रसव होने के लिये बिलकुल तैयार थी वह मजदूरी के लिये क्या जा सकती थी? कभी नहीं । लेकिन पेट का मसला हल होना मुश्किल था, इसलिये उसको मजदूरी के लिये जाना पड़ा और वहीं खेत में दरख्त के नीचे उसको प्रसव करना पड़ा । ऐसी घटनाओं पर , हमारे देश की दुर्दशा देख कर दिल कांप उठता है । लेकिन हमारे नेता बिल्कुल भूल गये कि उनकी जिम्मेदारी उन के सिर पर क्या है और क्या हो रहा है । आप रिवौल्यूशन से डरते हैं । आप अमन के नाम से गीत गाते हैं । ला एंड आर्डर को कायम करने के लिये आप लोगों को दबाना और कुचलना चाहते हैं । लेकिन यह अमन कैसे कायम होगा । किसी को डराने से डरा कर समझाने से अमन कायम नहीं हो सकता है । हमारा फ़र्ज यह है कि उन को काम बतायें और माकूल तनख्वा दें । फ़र्ज क्या है इस को देखना है । अपने फरायज़ का जब तक आप अंजाम नहीं दे सकते तब तक यह गीत गाने से मंत्र जपने से और गांधीजी का नाम वगैरह लेने से या जुल्म ढाने से काम नहीं चलेगा । और अमन भी कायम नहीं होगा । बल्कि गद्दी संभालना तक मुश्किल होगा ।

श्री पी० एन० राजभोज : मुझे भी बहुत कुछ कहना था, लेकिन इस में मेरे लिये ऐसी आपत्ति की जाती है कि जब मैं बोलना चाहता हूं तो कुल पांच सात मिनट मिलते हैं । तो खैर कुछ हर्ज नहीं राज आप का है ।

तो आज इस लेबर के बारे में हमारे कई अछूत भाइयों ने कहा है और अछूतों के लिये अच्छी तरह से आवाज़ उठाई है तो मुझे अच्छा मालूम होता है क्योंकि आज हमारे यहां ९० परसैंट मैजारिटी अछूतों की है । जब हम बोलने जाते हैं और कहते हैं कि यह अछूतों का सवाल है, तो यह अछूतों का सवाल आपने, आप लोगों ने ही बनाया और यह देश में जो छूतछात का पाप है, यह आप के सर पर है । इस की वजह से जो दुःख है, रंज है, यह जो कलंक हिन्दुस्तान में हैं, इसे निकालने की आपकी जिम्मेदारी है । इसलिये हर वक्त मुझे इस बारे में बोलना पड़ता है मुझे यह खराब भी लगता है । हमारे पंडित नहरूजी बड़ी बड़ी लम्बी चौड़ी बातें करते हैं और इसी तरह की इंटरनैशनल स्पीचेज़ करते हैं कि कोरिया में ऐसा हो रहा है । (अन्तर्बाधा) स्पीकर महोदय, मैं आप को बताना चाहता हूं कि यह जो लोग बातें कर रहे हैं इन को कृपा करके शान्त रखें इन के बोलने की कोई जरूरत नहीं है । हमारे पंडित जी कहते हैं कि साउथ अफ़्रीका में यह हो रहा है, वह हो रहा है । लेकिन साउथ अफ़्रीका क्या, यदि हिन्दुस्तान में दलित लेबरर्स को देखें, गरीब लोगों को देखें, भंगियों को देखें तो उनकी हालत कितनी खराब है, पहले उसको हटा दें । फिर आप लम्बी चौड़ी बातें करें । इस वास्ते, स्पीकर महोदय मैं यह कहना चाहता हूं कि···

Mr. Deputy-Speaker: How does South Africa come in?

श्री पी० एन० राजभोज : मैं जो थोड़ी थोड़ी बात करने लगता हूं तो लोग चिल्लाते हैं।

Mr. Deputy-Speaker: Hon. Member may go on with labour.

